शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल

शुक्रवार 20 मार्च 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 320 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए

www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan




@ PG 2

## न्यूज ब्रीफ

### बंगाल में चुनाव से पहले टीएमसी नेता की हत्या

**कोलकाता।** चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता की हत्या से राजनीतिक माहौल गरमा गया है। पुलिस के अनुसार उत्तर 24 परगना जिले में टीएमसी नेता मसिउर गाजी (41) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। उनका खून से लथपथ शव गुरुवार को हाड़ोआ थाना क्षेत्र के नब्बई पाट घेरी इलाके में सड़क किनारे मिला। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में लग रहा है कि हत्या कहीं और की गई और शव को यहां लाकर फेंका गया। गाजी देगंगा क्षेत्र के चंपातला ग्राम पंचायत के बूथ नंबर 178 के अध्यक्ष थे। वह पेशे से गारमेंट कारोबारी थे और पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता माने जाते थे।

### बंगाल में बम बनाते वक्त घर में विस्फोट, मारपीट का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के चालताबेड़िया के दक्षिण बामुनिया गांव में बुधवार देर रात एक घर में बम बनाते समय विस्फोट हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, देर रात अचानक तेज धमाके की आवाज सुनाई दी, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। डर के कारण कोई भी व्यक्ति रात में घटनास्थल के पास नहीं गया। इंडियन सेक्युलर फ्रंट के पंचायत सदस्य अबुल खैर मोल्ला ने बताया कि गुरुवार सुबह जब वे घटनास्थल पर जाने की कोशिश कर रहे थे, तब उन्हें रोका गया और मारपीट की गई।

### दिल्ली के आईटीओ में ट्रेड एंड टैक्सेस बिल्डिंग में लगी आग

**नईदिल्ली।** दिल्ली के आईटीओ इलाके में स्थित ट्रेड एंड टैक्सेस बिल्डिंग में गुरुवार सुबह आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, आग लगने की सूचना सुबह 8:36 बजे मिली थी। इसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके के लिए रवाना की गईं। करीब 9:10 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

**राष्ट्रबाण**

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# यूएस-ईरान युद्ध: सऊदी में ऑयल रिफाइनरी पर हमला

## यूएई-कतर के तेल-गैस प्लांट पर भी ड्रोन अटैक; सऊदी बोला- ईरान सब्र का इम्तिहान न ले

राष्ट्रबाण | तेल अवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

**अमेरिका-इजराइल** और ईरान जंग के बीच सऊदी अरब के यनबू पोर्ट पर स्थित सैमरेफ ऑयल रिफाइनरी पर हवाई हमला हुआ है। इसके अलावा यूएई और कतर के तेल-गैस प्लांट पर भी ड्रोन हमले हुए हैं। ईरान ने हाल ही में सऊदी अरब, यूएई और कतर के तेल ठिकानों को खाली करने की वॉर्निंग दी थी।

सऊदी ने आज ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। सऊदी के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद ने कहा कि हमारे देश के पास ईरान को जवाब देने की पूरी ताकत है। ईरान के हमले पहले से प्लान किए गए लगते हैं और हमारे सब्र का इम्तिहान न लें। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की वजह से अब ज्यादातर तेल यनबू पोर्ट से भेजा जा रहा है।

**रिपोर्ट- ट्रम्प को ईरानी ऊर्जा ठिकाने पर होने वाले हमले की जानकारी थी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने बुधवार को कहा था कि ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड पर इजराइल के हमले के बारे में अमेरिका को 'कुछ भी जानकारी नहीं थी'। यह दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस भंडार माना जाता है। लेकिन इस दावे के उलट, हमले से जुड़े एक इजराइली सूत्र ने ष्ट्हह को बताया कि यह हमला अमेरिका को बताकर किया गया था। वहीं, एक और अमेरिकी सूत्र ने भी कहा कि अमेरिका को इस हमले की जानकारी थी। साउथ पार्स गैस फील्ड पर हमले को युद्ध में बड़ा उकसावा (एस्केलेशन) माना जा रहा है। इससे पहले इजराइल, ईरान के कुछ एनर्जी डिपो पर हमले कर चुका था, लेकिन बुधवार तक उसने तेल और नैचुरल गैस से जुड़े ठिकानों को निशाना नहीं बनाया था। पार्स गैस फील्ड पर हमले से नाराज ईरान ने खाड़ी क्षेत्र के पड़ोसी देशों के बड़े ऊर्जा ठिकानों पर हमला किया। कतर ने कहा कि उसके मुख्य ऊर्जा केंद्र रास लाफान में भारी नुकसान हुआ है।

इन जवाबी हमलों के कारण ऊर्जा की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं। विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि रास लाफान को हुआ नुकसान लंबे समय तक वैश्विक गैस की कमी पैदा कर सकता है।

### अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले- शहीद सैनिकों के परिवारों ने कहा, पीछे न हटें



हेगसेथ ने कहा कि युद्ध में मारे गए अमेरिकी सैनिकों के परिवारों ने सरकार से अपील की है कि इस लड़ाई को अधूरा न छोड़ा जाए और मिशन पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि डोवर एयर फोर्स बेस पर शहीद सैनिकों के पार्थिव शरीर के आगमन के दौरान परिवारों ने उनसे कहा, 'उनकी कुर्बानी का सम्मान करें, पीछे न हटें और जब तक काम पूरा न हो जाए, रुकें नहीं।' हेगसेथ ने यह भी कहा कि युद्ध कब खत्म होगा, इसका फैसला केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ही करेंगे।

### अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले- ईरान में 7000 ठिकाने पर हमला किया

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान की तुलना गाजा में हमास से करते हुए कहा कि ईरान ने सुरंगों, रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन पर भारी पैसा खर्च किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना इन सबको पूरी ताकत से निशाना बना रही है, जैसा दुनिया की कोई दूसरी सेना नहीं कर सकती। हेगसेथ ने कहा कि अब तक अमेरिका, ईरान में 7,000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला कर चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि गुरुवार को अब तक का सबसे बड़ा हमला किया जाएगा, जैसा कि एक दिन पहले भी हुआ था। उन्होंने कहा, 'हमारी ताकत लगातार बढ़ रही है, जबकि ईरान की ताकत कमजोर हो रही है। हमने ईरान की एयर डिफेंस सिस्टम को 'पूरी तरह ध्वस्त' कर दिया है।'

### जर्मनी बोला- जंग खत्म होने के बाद ही मिडिल ईस्ट में शामिल होंगे

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि उनका देश तभी क्षेत्र में भूमिका निभाएगा, जब सैन्य कार्रवाई पूरी तरह खत्म हो जाएगी। ब्रसेल्स में यूरोपीय नेताओं की बैठक के दौरान मर्ज ने कहा, 'हम तभी शामिल होंगे, जब बंदूकें शांत हो जाएंगी।' उन्होंने साफ किया कि जर्मनी फिलहाल किसी सैन्य ऑपरेशन या होर्मुज स्ट्रेट को खोलने के प्रयास में हिस्सा नहीं लेगा। मर्ज ने कहा कि भविष्य में अगर जरूरत पड़ी, तो जर्मनी समुद्री रास्तों को सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है, लेकिन यह तभी संभव होगा जब संघर्ष खत्म हो जाए और अंतरराष्ट्रीय मंजूरी मिले।

### ईरान में जासूसी के आरोप में 97 लोग गिरफ्तार

ईरान ने देश विरोधी गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 97 लोगों को गिरफ्तार किया है। ईरान के इंटेलिजेंस मंत्रालय के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों पर अमेरिका और इजराइल के लिए काम करने का आरोप है। इनमें 13 कथित जासूस भी शामिल हैं, जिन्हें दक्षिण-पूर्वी ईरान से पकड़ा गया। मंत्रालय ने दावा किया कि ये लोग देश में अशांति फैलाने और हिंसक घटनाओं को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। इसके अलावा, दक्षिण-पश्चिमी ईरान में इराक सीमा के पास पांच 'हथियारबंद नेटवर्क' को भी खत्म करने का दावा किया गया है।

### कतर बोला- ईरानी हमलों के बावजूद एयर क्वालिटी सामान्य

ईरान-इजराइल जंग के बीच कतर पर हुए हमलों के बाद वहां की सरकार ने स्थिति पर अपडेट दिया है। कतर के गृह मंत्रालय ने कहा कि रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी, अल धखीरा और अल खोर इलाकों में एयर क्वालिटी सामान्य स्तर पर बनी हुई है। मंत्रालय के मुताबिक, इन इलाकों में हवा की गुणवत्ता की जांच सिविल डिफेंस काउंसिल द्वारा की गई और सभी संकेतक सुरक्षित पाए गए। दरअसल, हाल ही में ईरान ने कतर के सबसे बड़े गैस हब रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी पर मिसाइल हमले किए थे।

# शेयर बाजार में 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट

## सेंसेक्स 2497 अंक गिरकर 74,207 पर आया, निफ्टी 776 अंक टूटा; बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में ज्यादा बिकवाली




राष्ट्रबाण | मुंबई | एजेंसी | rashtrabaan.in

**शेयर** बाजार में आज यानी 19 मार्च को 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट रही। सेंसेक्स 2497 अंक (3.26%) गिरकर 74,207 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 776 अंक (3.26%) की गिरावट रही, यह 23,002 पर आ गया है। बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में आज सबसे ज्यादा बिकवाली रही। इससे पहले 4 जून 2024 को सेंसेक्स 5.74% गिरा था। जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है।

### निवेशकों की वेल्थ एक दिन में 13 लाख करोड़ रुपए घटी

सीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन कल के 439 लाख करोड़ रुपए से घटकर आज 426 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। यानी सिर्फ एक दिन में निवेशकों की वेल्थ में 13 लाख करोड़ रुपए की कमी दर्ज की गई है।

### गिरने की बड़ी वजहें...

अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ गई है। कच्चे तेल के दाम बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए हैं। अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर।

### एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन का इस्तीफा, शेयर 5% गिरा

- एचडीएफसी बैंक के पार्ट-टाइम चेयरमैन और इंडिपेंडेंट डायरेक्टर अतनु चक्रवर्ती ने बुधवार देर रात अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस वजह से आज इसके शेयर में 5.11% की गिरावट रही। ये 43 रुपए गिरकर 800 रुपए पर आ गया है।
- चक्रवर्ती ने बैंक के कामकाज के तौर-तरीकों पर सवाल उठाए हैं। अपने इस्तीफे की वजह बताते हुए लिखा- 'पिछले दो साल के दौरान मैंने बैंक के भीतर कुछ ऐसी घटनाओं और तौर-तरीकों को देखा है, जो मेरे व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता से मेल नहीं खाते।
- चक्रवर्ती के जाने के बाद रिजर्व बैंक की मंजूरी से केकी मिस्त्री को 19 मार्च 2026 से तीन महीने के लिए अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किया गया है। केकी मिस्त्री फिलहाल बैंक के बोर्ड में नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे थे।

# बंगाल में बीजेपी की दूसरी लिस्ट जारी, 111 नाम

## एक्ट्रेस रूपा गांगुली को टिकट; असम में ष्टरूहिमंता 7वीं बार जालुकबारी से लड़ेंगे

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को कैंडिडेट्स की दूसरी लिस्ट जारी कर दी। इसमें 111 कैंडिडेट्स के नाम हैं। एक्ट्रेस रूपा गांगुली को भी टिकट दिया गया है। पार्टी ने सोमवार को 144 कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की थी। इसके पहले सुबह असम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी की। इसमें सीएम हिमंता बिस्व सरमा सहित 88 नाम हैं। हिमंता अपनी परंपरागत सीट जालुकबारी से चुनाव लड़ेंगे। वे सातवीं बार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

15 दिन पहले भाजपा में आए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा को भी टिकट दिया गया है। भाजपा ने एक दिन कांग्रेस छोड़कर पार्टी जॉइन करने वाले सांसद प्रद्युत बोरदोलोई को दिसपुर से उम्मीदवार बनाया गया है।

इधर, प्रद्युत बोरदोलोई के बीजेपी में शामिल होने के बाद उनके बेटे प्रतीक बोरदोलोई ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। प्रतीक ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में कहा कि अब उनका कांग्रेस उम्मीदवार बने रहना सही नहीं होगा।

### 85 साल से अधिक उम्र के वोटर्स पोस्टल बैलेट से वोट डाल सकेंगे

भारत निर्वाचन आयोग आगामी विधानसभा चुनावों में बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, सेवारत मतदाताओं और चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं को पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) से वोट देने की सुविधा देगा। ये सुविधा 85 साल से अधिक उम्र के वोटर्स और दिव्यांगजन (दिव्यांग) को मिलेगी। ऐसे वोटर्स फॉर्म 12 डी भरकर और चुनाव अधिसूचना के 5 दिनों के भीतर अपने मतदान अधिकारी के माध्यम से रिटर्निंग ऑफिसर को जमा करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। मतदान दल संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा तैयार की गई अनुसूची के अनुसार उनके घरों से वोट एकत्र करेंगे और इसे उम्मीदवारों के साथ भी साझा किया जाएगा।

# सरकार बोली- ऑनलाइन सिलेंडर बुकिंग बढ़कर 94% तक पहुंची : पैनिक बुकिंग में कमी

## अमेरिका से एलपीजी की सप्लाई हो रही, कीमतों में बढ़ोतरी नहीं

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**केंद्र** सरकार के विभिन्न मंत्रालयों ने गुरुवार को जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें पश्चिम एशिया में तनाव के कारण तेल और गैस संकट पर मौजूदा हालात की जानकारी दी। विदेश मंत्रालय (एमईए) में जॉइंट सेक्रेटरी (गल्फ) असीम महाजन ने कहा कि यह सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय के लिए परीक्षा की घड़ी है।

पेट्रोलियम मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग एवं ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने बताया कि युद्ध के कारण एलपीजी की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। हालांकि, देश में किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास सिलेंडर की कमी नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, देश में ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 94% पहुंच गई है। करीब 83% रीफिल डिलीवरी 'डिलीवरी ऑथेंटिकेट' कोड के जरिए हो रही है। पैनिक बुकिंग में कमी आ रही है। सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत में करीब 70% कच्चा तेल अब होर्मुज स्ट्रेट के बाहर के क्षेत्रों से आ रहा है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण दबाव जरूर है, लेकिन अभी तक कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

**पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से की बात**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह से बुधवार रात बात की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर बात की और हाल की घटनाओं पर चिंता जताई।

### एक दिन में 57 हजार रीफिल बुकिंग हुईं

पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई सामान्य है।



18 मार्च को करीब 57,000 रीफिल बुकिंग हुईं। सरकार ने कॉमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं से सीएनजी पर शिफ्ट करने की अपील की और बताया कि कई कंपनियों ने इसके लिए इंसेंटिव भी घोषित किए हैं। सुजाता शर्मा ने कहा कि मिडिल ईस्ट में हालात का सीधा असर भारत की एनर्जी सप्लाई पर पड़ता है, इसलिए सरकार अन्य जगहों से भी सप्लाई लेने की कोशिश कर रही है।

# राष्ट्रपति ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए : तमिलनाडु से लाए श्रीराम यंत्र की स्थापना की

राष्ट्रबाण | अयोध्या | एजेंसी | rashtrabaan.in

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू नवरात्रि के पहले दिन अयोध्या के राम मंदिर पहुंचीं। उन्होंने रामलला के दर्शन किए। दूसरे फ्लोर पर बने राम दरबार में श्रीराम यंत्र की स्थापना की। उन्होंने राम मंदिर परिसर को भी देखा। सीएम योगी ने राष्ट्रपति को मंदिर निर्माण से जुड़े कार्यों की जानकारी दी।

राष्ट्रपति ने कहा- अयोध्या में प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया था। इस पवित्र भूमि पर कदम रखना ही मेरे लिए सौभाग्य की बात है। राष्ट्रपति करीब साढ़े 10 बजे दिल्ली से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम ने उनका स्वागत किया।



वहीं, सीएम योगी ने कहा- दुनिया के तमाम देशों में उथल-पुथल मची हुई है। युद्ध चल रहा है। जबकि भारत में शांति है। ये नया और बदलता हुआ भारत है। सपा पर निशाना साधते हुए कहा- आस्था को पहले अंधविश्वास कहकर अपमानित किया जाता था। अपमानित करने वाले वही लोग हैं, जो यूपी और देश की सत्ता में रहते थे। राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम और मथुरा वृंदावन की बात करना उनके लिए अंधविश्वास का पर्याय था।

## इनमें भाजपा के सबसे ज्यादा 27 सांसद; 31 सांसद अरबपति

# एडीआर रिपोर्ट- राज्यसभा के 73 सांसदों पर क्रिमिनल केस

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**राज्यसभा** के 229 सांसदों में से 73 (32%) पर क्रिमिनल केस चल रहे हैं। यह जानकारी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में सामने आई है।

राज्यसभा में 245 सदस्य होते हैं, जिनमें से 12 सांसदों को राष्ट्रपति मनोनीत करते हैं। यह रिपोर्ट 233 में से 229 सांसदों के शपथ पत्र (एफिडेविट) के आधार पर बनाई गई है। एक सीट खाली है और तीन सांसदों की जानकारी नहीं मिली। इसमें हाल ही में चुने गए 37 सांसद भी शामिल हैं।

राज्यसभा के 73 सांसदों में से 36 (16%) पर गंभीर आरोप हैं। एक सांसद पर मर्डर का केस है। वहीं चार सांसदों पर हत्या की कोशिश और तीन पर महिलाओं से जुड़े अपराध के केस हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि करीब 31 सांसद (14%) सांसदों ने खुद को अरबपति घोषित किया है। बड़ी पार्टियों में कई सांसदों ने 100 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बताई है।

### आप सांसदों के पास औसतन 574.09 करोड़



बीजेपी के 6, कांग्रेस के 5, वायएसआरसीपी के 4, आप के 2, बीआरएस के 2, एनसीपी के 3 और अन्य दलों के 9 सांसद इस लिस्ट में हैं। एक राज्यसभा सांसद के पास औसतन करीब 120.69 करोड़ रुपए की संपत्ति है। पार्टियों के हिसाब से औसत संपत्ति अलग-अलग है। बीजेपी के 99 सांसदों के पास औसतन 28.29 करोड़, कांग्रेस के 28 सांसदों के पास 128.61 करोड़, टीएमसी के 13 सांसदों के पास 17.70 करोड़ और आप के 10 सांसदों के पास 574.09 करोड़ रुपए हैं। डीएमके के 8 सांसदों के पास औसतन 11.90 करोड़, वायएसआरसीपी के 7 सांसदों के पास 522.63 करोड़, समाजवादी पार्टी के 4 सांसदों के पास 399.71 करोड़, बीजेडी के 6 सांसदों के पास 105.63 करोड़ रुपए की संपति है।

### बीआरएस सांसद के पास 5300 करोड़ की संपत्ति

सबसे ज्यादा तेलंगाना से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद बंदी पार्थ सराधी के पास ज्5300 करोड़ की संपत्ति है। उनके बाद आप के राजिंदर गुप्ता के पास ज्5053 करोड़ और ङ्खस्ह्रक्क के अयोध्या रामी रेड्डी के पास ज्2577 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है।

# डिजिटल दौर में बदला सट्टे का तरीका, सोहागपुर थाना क्षेत्र में सक्रिय अंक गणित का खेल

### मोबाइल और ऑनलाइन माध्यमों से चल रहा अवैध कारोबार, युवाओं को बनाया जा रहा निशाना

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र में समय के साथ अवैध सट्टा कारोबार का तरीका भी बदलता नजर आ रहा है। पहले जहां यह खेल गुपचुप तरीके से पर्चियों के माध्यम से संचालित होता था वहीं अब डिजिटल माध्यमों के जरिए अंक गणित का यह अवैध कारोबार फैलता जा रहा है। मोबाइल फोन, मैसेजिंग एप और ऑनलाइन लेन-देन के सहारे सट्टा संचालक अपना नेटवर्क लगातार मजबूत करते जा रहे हैं।

#### डिजिटल माध्यम से लग रहे दांव

सूत्रों कि माने तो अब सट्टे का पूरा तंत्र मोबाइल फोन और इंटरनेट पर आधारित होता जा रहा है। दांव लगाने वाले लोग मैसेज या कॉल के जरिए अंक भेजते हैं और परिणाम आने के बाद भुगतान भी डिजिटल माध्यम से किया जाता है। इस वजह से इस नेटवर्क तक पहुंच पाना और कार्रवाई करना पहले की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है।



#### शून्य से नौ तक का खेल

यह पूरा अवैध कारोबार शून्य से नौ तक के अंकों पर आधारित होता है। खिलाड़ी अपनी पसंद का अंक चुनकर उस पर दांव लगाते हैं। परिणाम में एक अंक खुलता है और उसी के आधार पर जीत-हार तय होती है। कम समय में अधिक पैसा मिलने के लालच में कई युवा इस खेल की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

#### युवाओं में बढ़ता आकर्षण

इस कारोबार की वजह से आसान कमाई का लालच युवाओं को तेजी से अपनी ओर खींच रहा है। शुरुआत में छोटी रकम जीतने पर उनका भरोसा बढ़ाया जाता है लेकिन बाद में बड़ी रकम दांव पर लगाकर वे आर्थिक नुकसान का सामना करते हैं। कई परिवारों में इस कारण तनाव और विवाद की स्थिति भी बन रही है।

#### कार्रवाई की मांग

जागरूक नागरिको का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। उनका मानना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो यह अवैध कारोबार युवाओं और समाज के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। लोगों ने प्रशासन से व्यापक जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

#### चर्चा में सच्चा का डिजिटल हुनर

सोहागपुर क्षेत्र में इन दिनों सच्चा नाम भी लोगों की जुबान पर है। बताया जाता है कि समय के साथ उसने भी अपने तौर-तरीके बदल लिए हैं। पहले जहां सट्टे का खेल कागज़ की पर्चियों और गुपचुप बैठकों तक सीमित माना जाता था, वहीं अब सच्चा कथित तौर पर मोबाइल और डिजिटल माध्यमों का आधुनिक ज्ञान दिखाते हुए अंक गणित का यह खेल आगे बढ़ा रहा है। क्षेत्र के लोग तंज में कहते हैं कि जहां लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग पढ़ाई-लिखाई और रोजगार के लिए करते हैं, वहीं सच्चा ने इसे अंकों के कारोबार का नया जरिया बना लिया है। लेकिन लोग यह भी कहते हैं कि यदि यही ऊर्जा किसी वैध काम में लगाई जाए तो शायद इलाके में एक अलग ही उदाहरण बन सकता है।

# पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा से महिलाएं होंगी सशक्त : डिप्टी कलेक्टर अर्चना मिश्रा

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के अंतर्गत शासकीय इंदिरा गांधी महाविद्यालय में संभाग स्तरीय लैंगिक संवेदीकरण आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्चना मिश्रा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का आधार पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा है। इन तीनों क्षेत्रों में संतुलित विकास के माध्यम से महिलाएं समाज में सशक्त भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से बाल विवाह, भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाओं को समाप्त किया जा सकता है और महिलाएं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाड़ली बहना योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक श्रीमती मनीषा लुम्बा ने हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा, करियर काउंसलिंग और वन स्टॉप सेंटर जैसी सुविधाओं के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे महिलाएं और बालिकाएं सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि बड़े शहरों में वर्किंग वूमेन हॉस्टल की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे महिलाएं सुरक्षित वातावरण में रहकर कार्य कर सकती हैं।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विषयों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लाड़ली लक्ष्मी योजना, महिला सशक्तिकरण, संतुलित आहार, सोशल मीडिया, एनीमिया और पोषक तत्व शामिल रहे। प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य श्रीमती संगीता निगम, सहायक संचालक श्रीमती संजीता भगत, महाविद्यालय की डॉ. यमुना धुर्वे, डॉ. सुनीता सिंह मरकाम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया गया नव संवत्सर, सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

नव सत संवत्सर एवं भारतीय नव वर्ष के शुभारंभ अवसर पर जिले में विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम के साथ ही सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ब्रह्मध्वज की स्थापना भी की गई। उपस्थित जनसमूह ने सूर्योपासना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।अपने संबोधन में विधायक श्री मरावी ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का शासन न्याय, धर्म, कला और संस्कृति के उच्च आदर्शों के लिए जाना जाता है। उन्होंने एक सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था विकसित की, जिसमें न्याय, अर्थव्यवस्था, रक्षा और शिक्षा को विशेष महत्व दिया गया। उनकी न्यायप्रियता और निष्पक्ष निर्णय क्षमता के कारण वे लोकगाथाओं में धर्म संरक्षक के रूप में विख्यात हुए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल, संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से स्थानीय कलाकारों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य नाटक का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन लकी चतुर्वेदी ने किया, जबकि संगीत अभिषेक त्रिपाठी द्वारा दिया गया और सह निर्देशन प्रसन्न सोनी ने किया। प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा। इस अवसर पर कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण के संदेश को लेकर श्रमदान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने किया तथा आभार प्रदर्शन डीपीसी अमरनाथ सिंह द्वारा किया गया।

# जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी

### 1066 बालिकाओं को लगा जीवनरक्षक टीका

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान तेज़ी से संचालित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि 28 फरवरी से 31 मई 2026 तक चल रहे इस राष्ट्व्यापी अभियान के तहत अब तक 1066 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में कुल 11,051 बालिकाओं को टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल ब्यौहारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार, सिंहपुर, गोहपारू, जयसिंहनगर, निपनिया तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में यह टीका निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव का अत्यंत प्रभावी और सुरक्षित माध्यम है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांतियों या अफवाहों से दूर रहें और अपनी 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को यह जीवनरक्षक टीका अवश्य लगवाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक एवं तथ्यहीन जानकारी से बचना आवश्यक है। एचपीवी टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित है और इसके कोई दुष्प्रभाव नहीं हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अधिक से अधिक बालिकाओं को अभियान से जोड़कर सर्वाइकल कैंसर मुक्त समाज के निर्माण का लक्ष्य रखा है।



#### अब जबलपुर के चौराहों पर चलेगी पानी की फुहार

**जबलपुर।** जबलपुर शहर में बढ़ती गर्मी और वायु प्रदूषण से निपटने के लिए नगर निगम ने एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत, प्रारंभिक चरण में शहर के व्यस्त चौराहों पर वॉटर मिस्ट फॉगर सिस्टम लगाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य हवा में मौजूद धूल कणों को नियंत्रित करना है। नगर निगम ने कलेक्ट्रेट चौराहा, तीन पत्ती चौक और मॉलवी चौक पर फॉगर स्थापित कर दिए हैं। अन्य बड़े चौराहों पर भी इन्हें लगाने की तैयारी चल रही है। इन स्थानों का चयन उन क्षेत्रों के आधार पर किया गया है, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (त्त्द्ध), क्क्ल 10 और क्क्ल 2.5 का स्तर अधिक पाया गया है।

# चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिरों में भक्तों की भीड़

### धार्मिक उमंग का माहौल



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन नगर के दुर्गा मंदिर समेत अन्य प्रमुख मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं और पुरुषों ने माता रानी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर मां की कृपा प्राप्त करने के लिए सुबह से ही मंदिरों का रुख किया। नगर के दुर्गा मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी रही। श्रद्धालुओं ने नवसंवत्सर के शुभारंभ और नवरात्रि के पावन अवसर पर माता के चरणों में दीप प्रज्वलित कर अराधना की। मंदिर प्रांगण में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं नगर पालिका के कर्मचारी तैनात रहे। विशेष रूप से सामाजिक दूरी और स्वच्छता का ध्यान रखा गया। इस अवसर पर माता की आरती के दौरान भक्तों ने भजन-कीर्तन में भाग लिया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में देवी दुर्गा की नौ दिन की पूजा विशेष महत्व रखती है और इस समय देवी की शक्ति और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। नगर के अन्य मंदिरों जैसे कंकाली देवी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर और हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने मंदिर प्रांगण में साफ-सफाई और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। अनेक भक्तों ने दान-पुण्य भी किया और नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ माता से सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। नगर में नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और उत्साह ने पर्व का माहौल जीवंत कर दिया। प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया था। मंदिर समितियों ने भक्तों के लिए पंडाल में जल की सुविधा भी उपलब्ध कराई। श्रद्धालुओं ने बताया कि नव वर्ष की शुरुआत माता के आशीर्वाद से करना हर किसी के लिए शुभ माना जाता है। नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़ ने जिले में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव का रंग बिखेर दिया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

### जल संरक्षण के लिए जनसहभागिता पर जोर

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाते हुए जल बचाने का संकल्प लिया।अभियान के शुभारंभ अवसर पर नगरपालिका शहडोल क्षेत्र अंतर्गत मोहनराम तालाब में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पार्षद विकास तिवारी, हीरालाल प्रजापति, प्रभात पांडे सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वच्छता मित्रों ने श्रमदान कर तालाब की सफाई की और जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इसी क्रम में जनपद पंचायत ब्यौहारी अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षी सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत धाधोकुई के ग्राम हनुमानपुर स्थित झिरिया नाला में भी साफ-सफाई अभियान चलाया गया। यहां भी स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान कर जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अभियान के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए संदेश दिया गया कि जल ही जीवन है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

# जबलपुर के करदाताओं को बड़ी राहत

### बिना सरचार्ज टैक्स जमा करने का अंतिम मौका 31 मार्च तक, निगम ने तेज किया विशेष वसूली अभियान

जबलपुर | संवाददाता
rashtrabaan.in

जबलपुर नगर निगम ने शहर के करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए बकाया टैक्स बिना अधिभार (सरचार्ज) के जमा करने का अंतिम अवसर दिया है। यह विशेष सुविधा 31 मार्च तक ही उपलब्ध रहेगी। वित्तीय वर्ष के अंत को देखते हुए निगम ने शहरभर में वसूली अभियान तेज कर दिया है।

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर के विकास कार्यों के लिए समय पर टैक्स वसूली बेहद जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे बिना सरचार्ज का लाभ उठाते हुए जल्द से जल्द अपना बकाया टैक्स जमा करें। बैठक में राजस्व विभाग के साथ-साथ जल, स्वास्थ्य, बाजार, कॉलोनी सेल और भवन शाखा को भी अभियान में सक्रिय रूप से शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी विभागों को 31 मार्च तक तय लक्ष्य पूरा करने के लिए 'मिशन मोड' में काम करने को कहा गया है।

निगमायुक्त ने साफ किया कि लक्ष्य प्राप्ति में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिम्मेदारी में कमी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

निगम प्रशासन के अनुसार टैक्स से प्राप्त राशि का उपयोग शहर की सफाई व्यवस्था, सड़क सुधार और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास में किया जाएगा। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन, आनंद मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की हुई शुरुआत, जन-जन की भागीदारी से संरक्षण का संकल्प

# जल स्रोतों को बचाना है, धरा का श्रृंगार बढ़ाना है

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण, पुनर्जीवन एवं स्वच्छता सुनिश्चित कर भविष्य के जल संकट से निपटने की ठोस पहल करना है।

#### कंकाली देवी मंदिर परिसर में श्रमदान से हुई शुरुआत

चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा के पावन अवसर पर जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम अंतरा स्थित प्रसिद्ध कंकाली देवी मंदिर प्रांगण में प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई के साथ अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया।



#### बावड़ी के जीर्णोद्धार के निर्देश

कार्यक्रम के दौरान बावड़ी की साफ-सफाई के साथ आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाया गया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को बावड़ी के जीर्णोद्धार हेतु स्टीमेट तैयार करने के निर्देश भी दिए।

#### जल है तो कल है, इसका कोई विकल्प नहीं : कलेक्टर

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि धरती को हरियाली से आच्छादित रखने के लिए जल स्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन और जल स्रोतों के संरक्षण से ही जल संवर्धन संभव है। प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह अभियान 30 जून तक संचालित किया जाएगा।

#### जिलेभर में होंगे विविध संरक्षण कार्य

सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति ने बताया कि अभियान के तहत जल संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पुराने कुओं, तालाबों, बावड़ियों और स्टॉप डैम का जीर्णोद्धार, नदी-नालों की साफ-सफाई तथा जल स्रोतों को प्रदूषण मुक्त बनाने जैसे कार्य किए जाएंगे। साथ ही नई और पुरानी जल संरचनाओं को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हीरावती कोल, एसडीएम श्रीमती अमृता गर्ग, सरपंच श्रीमती सुशीला कोल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, शुक्रवार 20 मार्च 2026

राजधानी राष्ट्रबाण

• बैरसिया • हुजूर • कोलार

# भोपाल की 732 लोकेशन पर महंगी होगी प्रॉपर्टी

## 63 सुझावों पर मंथन, 23 मार्च को फिर मीटिंग; सांसद-विधायकों की कई मुद्दों पर आपत्ति

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता rashtrabaan.in

सांसद-विधायकों और आम लोगों की आपत्ति के बाद भोपाल की कुल 732 लोकेशन पर प्रॉपर्टी गाइडलाइन बढ़ाने का प्रस्ताव है। कुल 63 दावे-आपत्ति को लेकर मंथन जरूर हुआ है और कुछ को मान्य भी कर लिया, लेकिन उन जगहों को लेकर कोई चर्चा नहीं की गई, जहां प्रस्ताव 181 प्रतिशत तक बढ़ाने का है। पंजीयन विभाग ने एक महीने के अंदर 100 लोकेशन और बढ़ा दी। कमेटी ने अलार्क रेजीडेंसी की प्रस्तावित दरों को कम करने का सुझाव पास किया। वहीं, भौंरी की कृषि भूमि की दरों को बढ़ाए जाने या प्रचलित दरों अनुरूप रखे जाने के लिए और भूखंड की दरों को कम किए जाने का सुझाव दिया गया था। समिति ने इसे यथावत रखने का निर्णय लिया है। नूर-उस-सबाह रेजीडेंसी कोहेफिजा की ओर से प्रस्तुत सुझाव को अमान्य कर दिया गया। नगर निगम के वार्ड-74 स्थित महोली की मेयर कॉलोनी की प्रस्तावित दरों को प्रचलित गाइड लाइन की दर की श्रेणी में शामिल करने के सुझाव को मंजूर कर लिया गया। कृष्णा होम्स द्वारा भोजपुर रोड ग्राम दीपड़ी की दरों में वृद्धि प्रस्तावित नहीं करने का सुझाव दिया गया था। जिसे मंजूर कर लिया गया। गोल्डन सिटी जाटखेड़ी की प्रस्तावित दरें कम नहीं होगी। ग्राम अचारपुरा, परेवाखेड़ा, चांदपुर, मनीखेड़ी, अरवलिया, परवलिया, ईंटखेड़ी, इमालिया आदि क्षेत्रों में गाइड लाइन को भी नहीं बढ़ाने का फैसला लिया है।



### री-ट्रांसफर को लेकर प्रस्ताव

क्रेडाई ने री-ट्रांसफर को लेकर सुझाव दिया था। इसमें अनुसार, महाराष्ट्र की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी कोई संपत्ति तीन वर्ष की अवधि के भीतर पुनः अंतरण (री ट्रांसफर) की जाती है तो संबंधित संपत्ति के पूर्व पंजीयन में जमा की गई स्टॉम्प ड्यूटी की राशि का समायोजन (इनपुट क्रेडिट) नवीन पंजीयन में प्रदान किया जाना चाहिए। इससे संपत्ति के बार-बार क्रय-विक्रय की स्थिति में नागरिकों एवं व्यवसायियों पर अनावश्यक आर्थिक भार नहीं पड़ेगा। वर्तमान व्यवस्था में एक ही संपत्ति पर अल्प अवधि में पुनः पूर्ण स्टाम्प ड्यूटी देना पड़ती हैं, जो व्यवहारिक एवं न्याय संगत नहीं है। स्टॉम्प ड्यूटी समायोजन की सुविधा मिलने से रियल एस्टेट क्षेत्र में लेन-देन सरल होंगे। निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और संपत्ति बाजार में तरलता बढ़ेगी। जिससे शासन को भी दीर्घकाल में राजस्व वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा। इस सुझाव से सहमत होकर विधायक भगवानदास सबनानी ने उनकी ओर से भी अनुशंसा की जाकर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड और शासन को सुझाव भेजने के लिए कहा है। अन्य सुझाव जो शासन एवं केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड से संबंधित होने से उन्हें केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड भेजे जाने के लिए कहा।

### इन इलाकों में सबसे ज्यादा बढ़ेंगे रेट

जानकारी के अनुसार निर्मल सिटी, निशातपुरा रोड, मुर्गी बाजार, समर ग्रीन में 181% बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। वहीं, यशोदा नगर, भोपाल टॉकीज से सेफिया रोड, मालीपुरा, माया विहार, पाल विहार, रेत घाट से वीआईपी रोड, कबाड़खाना, गौतम नगर, पंचशील नगर, न्यू मार्केट, रोशनपुरा, सेवनिया गौंड, चौकी बरखेड़ी, एयरोसिटी परिसर, बेहटा, दामखेड़ा समेत में रेट बढ़ेंगे। इसके अलावा कोलार रोड, बंजारी, अकबरपुर, बावड़ियाकलां, मिसरोद, एयरपोर्ट, अयोध्या बायपास में भी गाइड लाइन बढ़ाने का प्रस्ताव है।

### भौंरी क्षेत्र में 58 प्रतिशत कटौती का प्रस्ताव

एक ओर जहां सैकड़ों इलाकों में प्रॉपर्टी के रेट बढ़ाने का प्रस्ताव है। वहीं, दूसरी ओर भौंरी क्षेत्र में गाइड लाइन को 58 प्रतिशत तक कम करने का प्रस्ताव भी लाया जा रहा है। किसानों का कहना है कि जहां सरकार के बड़े प्रोजेक्ट हैं, वहां पर रेट घटाना समझ से बाहर है। भौंरी क्षेत्र की 3700 एकड़ में प्रदेश की पहली एआई एंड नॉलेज सिटी प्रस्तावित है। इसे लेकर किसानों ने भोपाल कलेक्टर के पास जाकर आपत्ति भी दर्ज कराई थी। हालांकि, इसे यथावत रखने की बात कही गई है।

### इतनी लोकेशन का ड्राफ्ट जारी

कुल 2175 लोकेशन का ड्राफ्ट जारी किया गया है। नगर निगम सीमा में 607 लोकेशन पर प्रॉपर्टी के रेट 5% से लेकर 181% तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। पंजीयन विभाग ने 628 लोकेशन पर दरें बढ़ाने और 795 लोकेशन को मर्ज करने का प्रस्ताव दिया है, जिससे इन क्षेत्रों में भी दाम बढ़ेंगे। ड्राफ्ट के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भानपुर स्थित निर्मल सिटी में प्रस्तावित है, जहां दर 6400 रुपए प्रति वर्गमीटर से बढ़ाकर 18 हजार रुपए की गई है, यानी 181% तक वृद्धि।

### भोपाल में 4 सब-रजिस्ट्रार ऑफिस

जिले में जमीन और मकान से जुड़े दस्तावेजों का रजिस्ट्रेशन उप पंजीयक कार्यालयों में होता है। लोगों की सुविधा के लिए भोपाल शहर में चार उप पंजीयक कार्यालय काम कर रहे हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को आसान और पारदर्शी बनाने के लिए संपदा 2.0 का नया ऑनलाइन सिस्टम लागू किया गया है। इस सिस्टम में रजिस्ट्रेशन से पहले संपत्ति का वास्तविक स्थल निरीक्षण किया जाता है। जियो-टैगिंग के जरिए फोटो अपलोड की जाती है। इससे संपत्ति की सही लोकेशन और जानकारी की पुष्टि हो सके और प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बने।

### इन कारणों से बढ़ सकती हैं गाइडलाइन दरें

टीएंडसीपी से स्वीकृत नई कॉलोनियों और आम जनता की सुविधाओं के कारण 38 लोकेशन प्रभावित हुईं। नए राष्ट्रीय राजमार्ग, बायपास और रिंग रोड बनने से 18 लोकेशन पर असर पड़ा। वहीं नए औद्योगिक और विशेष आर्थिक क्षेत्रों की स्थापना से 3 लोकेशन प्रभावित पाई गईं। इस तरह जिले की कुल 621 लोकेशनों पर दर वृद्धि का प्रस्ताव है। इनमें कोलार रोड, अयोध्या बायपास, रायसेन रोड, भोपाल बायपास और कई पॉश इलाके शामिल हैं, जहां प्रॉपर्टी खरीदना महंगा हो सकता है।

**लगातार दूसरे साल बढ़ेगी गाइड लाइन:** भोपाल जिला मूल्यांकन समिति 12 महीने में दूसरी बार गाइड लाइन बढ़ेगी। इसके पहले 1 हजार 312 लोकेशन पर औसत 11% गाइडलाइन बढ़ाई थी। इनमें सुल्तानिया रोड, गांधीनगर, दानिश हिल्स, मैकेनिकल मार्केट, नयापुरा, जहांगीराबाद समेत अन्य इलाके शामिल हैं।

# नवजात की सांसें चल रही थीं, दे दिया डेथ सर्टिफिकेट

## आरोप लगाते हुए पिता ने बनाया वीडियो; हमीदिया अस्पताल में परिजनों और स्टाफ में विवाद

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता rashtrabaan.in



भोपाल के हमीदिया अस्पताल में एक नवजात को मृत घोषित किए जाने के चार घंटे बाद उसकी सांसें चलने का दावा किया गया है। नवजात के पिता का कहना है कि उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र दे दिया गया था, लेकिन जब शव लेने एनआईसीयू पहुंचे तो बच्ची में हरकत दिखाई दी। उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया है। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि वह समय से पहले जन्मा अत्यंत कम वजन का शिशु था, जिसमें प्रारंभिक जांच में हार्टबीट नहीं मिली। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे मामलों में कभी-कभी शरीर में हलचल देखी जा सकती है, लेकिन जीवित रहने की संभावना बेहद कम होती है।

**दो सेंटर से रेफर होकर पहुंची थी गर्भवती**

हमीदिया अस्पताल की महिला डॉक्टर ने बताया कि रायसेन जिले के बरेली निवासी परवेज अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से उन्हें रायसेन जिला अस्पताल और बाद में हमीदिया अस्पताल के स्त्री रोग विभाग रेफर किया गया। महिला की स्थिति गंभीर थी। ऐसे में उसे तत्काल लेबर रूम में भर्ती किया गया। गर्भावस्था करीब 5 से 6 माह की थी, यानी शिशु समय से पहले जन्म लेने वाला था। डिलीवरी के दौरान जन्मा शिशु का वजन सिर्फ 450 ग्राम था। डॉक्टरों का कहना है कि जन्म के समय शिशु के शरीर में कोई प्रतिक्रिया नहीं थी। स्टेथोस्कोप से जांच करने पर हार्टबीट भी रिकॉर्ड नहीं हुई। ऐसी स्थिति में प्रोटोकॉल के तहत शिशु को एनआईसीयू भेजा गया।

**मृत्यु प्रमाण पत्र हाथ में, लेकिन चल रही थीं सांसें**

डिलीवरी के कुछ समय बाद परिजनों को बताया गया कि बच्चा मृत पैदा हुआ है। रात करीब 12 बजे परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र भी दे दिया गया, जिसमें मृत्यु का समय शाम करीब 8.30 बजे दर्ज था। इस दौरान परिवार कागजी प्रक्रिया और महिला की देखभाल में व्यस्त रहा। पिता परवेज के अनुसार, जब पिता परवेज रात में एनआईसीयू पहुंचे। बच्ची को देखा तो उसकी सांसें चल रही थीं। उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया, जिसमें बच्ची का पेट हिलता हुआ नजर आ रहा है। इसके बाद उन्होंने मौके पर मौजूद डॉक्टरों से सवाल किए।

**सीनियर डॉक्टरों ने ड्यूटी डॉक्टर से मांगा स्पष्टीकरण**

परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने इस बारे में डॉक्टरों से जवाब मांगा तो स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। साथ ही वीडियो बनाने से रोकने की कोशिश और धक्का-मुक्की तक की गई। वहीं अस्पताल की ओर से इस तरह के व्यवहार को लेकर आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि, विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों ने ड्यूटी डॉक्टरों से पूरे मामले में स्पष्टीकरण मांगा है।

### देरी से रेफर करने से स्थिति बिगड़ी

डॉक्टरों ने यह भी कहा कि गर्भवती महिला को समय पर अस्पताल नहीं लाया गया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। यदि समय रहते उचित मेडिकल सुविधा मिल जाती तो परिणाम अलग हो सकता था। डॉक्टरों ने यह भी माना कि नवजात को पर्याप्त समय तक ऑब्जर्वेशन में नहीं रखा गया। कम से कम कुछ घंटे निगरानी में रखने के बाद ही अंतिम स्थिति स्पष्ट करना चाहिए थी। जल्दबाजी में दी गई जानकारी से भ्रम की स्थिति बनी।

### डॉक्टर ने कहा- यह एक एबोर्ट्स केस था

अगले दिन गुरुवार सुबह 9 बजे अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम ने परिजनों से बातचीत की और पूरी स्थिति समझाने का प्रयास किया। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची अत्यंत प्रीमेच्योर थी। उसके अंग पूरी तरह विकसित नहीं हुए थे। यह एक एबोर्ट्स केस था। ऐसे मामलों में कभी-कभी जन्म के बाद कुछ समय के लिए हलचल दिखाई दे सकती है, लेकिन जीवित रहने की संभावना कम होती है। बता दें मेडिकल भाषा में एबोर्ट्स उस स्थिति को कहा जाता है, जब गर्भ में पल रहा भ्रूण 20 सप्ताह से पहले बाहर आ जाए या उसका वजन 500 ग्राम से कम हो। ऐसे मामलों में शिशु का पूर्ण विकास नहीं हो पाता और जीवित रहने की संभावना बहुत कम होती है। यह स्थिति प्राकृतिक (मिसकैरिज) या मेडिकल कारणों से भी हो सकती है।

### विभाग की हेड बोलीं- किसी की लापरवाही मिली तो कार्रवाई होगी

हमीदिया अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति विभाग अध्यक्ष डॉ. शबाना सुल्तान का कहना है कि हमीदिया में महिला एवं शिशु स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। हम प्रत्येक मरीज को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण मेडिकल सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मामले में नवजात का वजन अत्यधिक कम (लगभग 450 ग्राम) था, जो मेडिकल दृष्टि से बेहद नाजुक स्थिति होती है।

# इंजीनियर को बेंगलुरु पुलिस ने अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया

## पांच आग्नेयास्त्र और 50 से अधिक राउंड गोला-बारूद बरामद, आरोपी को लेकर रवाना हुई टीम



राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता rashtrabaan.in

बेंगलुरु पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने बुधवार को मध्य प्रदेश के भोपाल से एक इंजीनियर को गिरफ्तार किया। आरोपी अवैध फायर ऑर्म्स तस्करी गिरोह से जुड़ा है। उससे 5 आग्नेयास्त्र और 50 से अधिक राउंड गोला-बारूद बरामद किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान सैयद इरफान हैदर रिजवी (34) के रूप में की है, जो भोपाल का रहने वाला एक सिविल इंजीनियर है। पिछले महीने भोपाल से बेंगलुरु जा रहे एक व्यक्ति को रोका गया और उसके पास से एक पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके बाद हुई जांच में दो आरोपियों भोपाल के 19 वर्षीय जावेद आलम और बेंगलुरु के सिद्धापुरा के 26 वर्षीय सैयद मसूद को गिरफ्तार किया गया।

### दो आरोपियों की पहले हुई थी गिरफ्तारी

उनकी पूछताछ के आधार पर पुलिस इरफान तक पहुंची, जो कथित तौर पर हथियारों की आपूर्ति कर रहा था। सीसीबी की एक टीम ने भोपाल की स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर उसका पता लगाया और उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इरफान के पास से तीन देसी पिस्तौल, एक पुष्ट रिवॉल्वर और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इससे पहले, अन्य दो आरोपियों से एक पिस्तौल और लगभग 50 जिंदा कारतूस जब्त किए जा चुके थे।

# भोपाल जेल से रिहाई के बाद असलम की गिरफ्तारी

## प्राइवेट कार में बैठा ले गए पुलिसकर्मी, एक घंटे तक कार में घुमाया, कार्रवाई की

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता rashtrabaan.in

नगर निगम के स्लॉटर हाउस से निकले मांस में गोमांस की पुष्टि के बाद गिरफ्तार असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा को जमानत मिलने के बाद बुधवार रात उसकी रिहाई हो गई। हालांकि जेल से निकलते ही उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया है। सूत्रों की मानें तो असलम पर धारा 151 के तहत कार्रवाई जोन-4 के एक थाना पुलिस ने की है। अब पुलिस उसके खिलाफ रासुका प्रतिवेदन पेश करने की तैयारी कर रही है। बुधवार रात करीब 10 बजे भोपाल सेंट्रल जेल के मुख्य द्वार से असलम के निकलते ही पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार किया था। लाल रंग की पोलो कार से उसे जेल परिसर से बाहर निकाला गया। इस कार का एक वीडियो भी सामने आया है। पहले उसे परवलिया सड़क फिर सीहोर रोड ले जाया गया। इसके बाद देर रात उसे थाने लेकर पहुंची पुलिस ने टीम ने कार्रवाई की। इधर गो मांस तस्करी से जुड़े पूरे मामले का खुलासा करने का दावा करने वाले भानू हिंदू का आरोप है कि पुलिस की ओर से कमजोर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी। इन्हीं खामियों का फायदा असलम को बेल मिलने के लिए मिला। भानू के मुताबिक पुलिस ने केस की शुरुआत से ही लापरवाही की थी। गो मांस से भरे कंटेनर को छोड़ दिया गया था। हैदराबाद जिस सैंपल को जाना था, वह खराब हो गया। मथुरा से आई सेंपल रिपोर्ट के आधार पर उसकी गिरफ्तारी की गई थी। पुलिस की खामियों के कारण ही असलम को कोर्ट से राहत मिली। लेकिन असलम पर रासुका की कार्रवाई नहीं की गई तो समस्त हिंदू संगठनों के साथ सड़कों पर उतरेंगे और अलग-अलग इलाकों में प्रदर्शन किया जाएगा।



असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा

### 70 दिन बाद हुई थी जेल से रिहाई

करीब 70 दिन बाद एडीजे पंकज कुमार जैन की अदालत ने 35 हजार रुपए के मुचलके पर असलम को रिहा करने के आदेश दिए। हालांकि, देर रात भोपाल सेंट्रल जेल से रिहाई के बाद से असलम गायब है। असलम के भाई आसिफ के अनुसार वे असलम को लेने जेल पहुंचे थे, लेकिन उन्हें उससे मिलने तक नहीं दिया गया। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने कहा कि उन्हें इस मामले में कोई जानकारी नहीं है।

### एडिशनल डीसीपी बोले नहीं की कोई कार्रवाई

एडिशनल डीसीपी जोन-4 मलकीत सिंह ने बताया कि उनके जोन से असलम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्हें असलम की गिरफ्तारी के संबंध में कोई जानकारी भी नहीं है।

### जानिए कोर्ट ने जमानत आदेश में क्या कहा

अदालत ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि संबंधित अपराध न तो मृत्युदंड और न ही आजीवन कारावास से दंडनीय है और यह न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा विचारणीय है। आरोपी दो माह से अधिक समय से अभिरक्षा में है, जबकि मामले की विवेचना पूरी हो चुकी है और चार्जशीट भी प्रस्तुत की जा चुकी है। ऐसे में ट्रायल पूरा होने में समय लगने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, इसलिए जमानत देना उचित है। कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि आरोपी का यह दूसरा जमानत आवेदन था। पहला आवेदन गुण-दोष के आधार पर निरस्त नहीं हुआ था। अब परिस्थितियों में बदलाव और जांच पूरी होने के बाद जमानत दी गई। साथ ही शर्त रखी गई है कि आरोपी ट्रायल में कोई बाधा नहीं डालेगा और बिना अनुमति देश से बाहर नहीं जाएगा। असलम की तरफ से वकील विजय चौधरी और जगदीश गुप्ता ने कोर्ट में पक्ष रखा। कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी रखी हैं। वह केस की सुनवाई में कोई रुकावट नहीं डालेगा। बिना कोर्ट की इजाजत के वह देश छोड़कर बाहर नहीं जा सकेगा।

## 108 कलशों से सूर्य को दिया अर्घ्य; गायत्री शक्तिपीठ में 9 दिवसीय अनुष्ठान शुरू

# भोपाल में 31 फीट गुड़ी बनी आकर्षण

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता rashtrabaan.in

भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 और चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस गुरुवार सुबह राजधानी के मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हुआ। सुबह-सुबह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिरों में उमड़ी, जहां मां शैलपुत्री की विधि-विधान से आराधना की गई। भक्तों ने घट स्थापना कर जवारे बोए और अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर नववर्ष का स्वागत किया।

### भेल में 31 फीट गुड़ी बनी आकर्षण का केंद्र



शहर में एक ओर पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही, वहीं भेल क्षेत्र में मराठी समाज ने भव्य आयोजन कर इतिहास रचने का दावा किया। मराठी सांस्कृतिक मंडल, पिपलानी द्वारा श्री गणेश मंदिर परिसर में 31 फीट ऊंची गुड़ी स्थापित की गई, जिसे प्रदेश की सबसे ऊंची गुड़ी बताया जा रहा है। शंखनाद और सूर्य अर्घ्य के साथ गुड़ी की स्थापना की गई, जो पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रही।

### जयघोष और प्रभात फेरी से गूंजा माहौल

सुबह नववर्ष के पहले सूर्योदय पर सैकड़ों लोगों ने एकत्र होकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। 'जय भवानी, जय शिवाजी' के जयघोष और नववर्ष की शुभकामनाओं से माहौल गुंजायमान रहा। इसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें मराठी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भेल की सड़कों पर महाराष्ट्र की संस्कृति की झलक देखने को मिली।

### गायत्री शक्तिपीठ में 108 साधकों ने किया सूर्य अर्घ्य

वहीं दूसरी ओर गायत्री शक्तिपीठ, भोपाल द्वारा उपवन स्वास्थ्य पार्क में आयोजित कार्यक्रम में 108 साधकों ने सामूहिक रूप से सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर नववर्ष का स्वागत किया। शंख, घंटियों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

### 9 दिवसीय अनुष्ठान के साथ आध्यात्मिक साधना शुरू

सूर्य अर्घ्यदान के बाद 9 दिवसीय गायत्री महामंत्र अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ किया गया। साधकों ने जप और यज्ञ के माध्यम से विश्व कल्याण, पर्यावरण शुद्धि और मानव मंगल की कामना की। आयोजन के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे समय भक्ति एवं अनुशासन का माहौल बना रहा।

# बोहरा समाज ने सादगी से अदा की ईद की नमाज

## अमन-शांति की मांगी दुआ, शहर की प्रमुख मस्जिदों और मरकजों में जुटे लोग

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता rashtrabaan.in



भोपाल शहर में बोहरा समाज ने ईद का पर्व सादगी और धार्मिक आस्था के साथ मनाया। सुबह से ही अलग-अलग मस्जिदों और मरकजों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ जुटी। नमाज के दौरान देश और दुनिया में अमन-शांति और खुशहाली की दुआ की गई। नमाज नूर महल मरकज, अलीगंज मस्जिद, करोंद स्थित बुरहानी मस्जिद, सोफिया कॉलेज परिसर की बद्री मस्जिद, कोहफिजा मरकज, कब्रस्तान स्थित अहमदी मस्जिद और मालीपुरा की हुसैनी मस्जिद में अदा की गई। सभी स्थानों पर समाजजनों ने अनुशासन और सादगी के साथ धार्मिक परंपराओं का पालन किया। मीडिया इंचार्ज इब्राहिम अली दाऊद ने बताया कि अलीगंज मस्जिद में जनाब इब्दे मदियान की मौजूदगी में नमाज अदा की गई। इस दौरान जूजर भाईसाहब जाकवी और मुफद्दल भाईसाहब की देखरेख में भी शहर के अन्य इलाकों में लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और समाज में भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। पूरे आयोजन में सादगी पर विशेष जोर रहा और समाजजनों ने आपसी सौहार्द के साथ त्योहार।

राष्ट्रबाण
सिवनी, शुक्रवार 20 मार्च 2026

# बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

# अम्बे माई धाम में पांडवों ने काटा अज्ञातवास

## गुफाओं में विराजी मां अम्बे के दर्शन को चैत्र नवरात्र में उमड़ी भीड़



बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

**चैत्र** नवरात्र के पहले दिन बैतूल जिले के सीमावर्ती अम्बे माई धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पहाड़ियों और घने जंगलों के बीच प्राकृतिक गुफाओं में विराजी मां अम्बे के दरबार में सुबह से ही भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। नवरात्र के अवसर पर यहां विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठानों की शुरुआत की गई है। यह धाम बैतूल से लगभग 120 किलोमीटर दूर धारुल गांव के पास स्थित है। इसकी भौगोलिक विशेषता इसे अन्य स्थानों से अलग बनाती है। यहां ऊंची-ऊंची पहाड़ियों के बीच बनी प्राकृतिक गुफाएं आधा किलोमीटर से भी अधिक गहरी बताई जाती हैं, जहां सालभर ठंडक बनी रहती है। गर्मियों में भी गुफाओं के भीतर का तापमान काफी कम रहता है और प्राकृतिक जलस्रोत बहते रहते हैं, जो श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं।

### यहां पांडवों ने की थी अराधना

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन गुफाओं में सैकड़ों वर्षों से मां अम्बे की सिंदूरी प्रतिमा स्थापित है। स्थानीय लोगों का मानना है कि महाभारत काल में पांडवों ने अपने अज्ञातवास के दौरान इस क्षेत्र में आकर मां की आराधना की थी। इसके अतिरिक्त, स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आदिवासी नायक टंट्या भील द्वारा भी इन गुफाओं में शरण लेने की किवदंतियां प्रचलित हैं, जिससे इस स्थान का ऐतिहासिक महत्व भी बढ़ जाता है। लगभग 1970 के दशक में मंगला माई नामक एक महिला के यहां आने के बाद यह स्थान व्यापक रूप से लोगों की आस्था का केंद्र बना। वर्तमान में गुफा के प्रवेश द्वार पर उनकी प्रतिमा स्थापित है। श्रद्धालु पहले मंगला माई के दर्शन करते हैं और फिर मां अम्बे के दरबार में पहुंचते हैं।



### दूसरे राज्यों से भी पहुंचते हैं श्रद्धालु

नवरात्र के दौरान यहां विशेष मान्यता है कि जो श्रद्धालु लगातार पांच पूर्णिमा तक दर्शन करते हैं, उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी कारण मध्यप्रदेश के साथ-साथ महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं, स्थानीय प्रशासन भी भीड़ को देखते हुए सतर्क है और सुरक्षा व्यवस्था बनाए हुए है। नवरात्र के चलते आने वाले दिनों में यहां श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है।

# संयुक्त बैठक में पानी बचाने व नशा मुक्ति की ली शपथ





बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

**मध्य** प्रदेश जन अभियान परिषद के तहत ग्राम नीमझिरी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रस्फुटन प्रशिक्षण और सेक्टर-4 की नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में 40 लोगों ने भाग लिया और पानी बचाने तथा नशा मुक्ति की शपथ ली।

जिला समन्वयक प्रिया चौधरी ने बताया कि यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक चलेगा, जिसमें जल संरक्षण के पांच प्रमुख बिंदुओं पर काम करते हुए जागरूकता गांव-गांव तक पहुंचाई जाएगी।

बैठक में ग्राम नीमझिरी से अध्यक्ष रामदीन पिपरदे, सरपंच दशरथ सेलुकर, सचिव मोहनदास, अशोक नागले, दिलीप विश्वकर्मा, सुखदेव मगरदे, चेतन, साधना महोबे, नवांकुर सखी रामवती सेलुकर और सुमित्रा पिपरदे उपस्थित रहे। ग्राम उमारी से नकुल भुसारे, राजेंद्र रावत, बालाराम भुसारे, चेतन भुसारे, नम्रता भुसारे और शोभा पाल शामिल हुए।

ग्राम ग्यारसपुर से राजू तुमडाम, परसुराम वरकड़े, अनिल कुमार, रेखा और सुखिया तुमराम मौजूद रहे। ग्राम बगवाड़ से रवि पंद्राम, पिंटू काकोड़िया, सुखलाल सरियाम, कांतिलाल बेले, सुनीता, पूजा गोहे और हेमलता शामिल हुए। अंश सेवा समिति से सावी मालवी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और हर व्यक्ति को इसकी जिम्मेदारी समझनी होगी। साथ ही नशा मुक्ति को सामाजिक बदलाव का आधार बताते हुए युवाओं से सकारात्मक पहल की अपील की। कार्यक्रम के अंत में चाय व भोजन की व्यवस्था की गई।

# वर्ष प्रतिपदा भारत में प्रचलित सभी संवतों का प्रथम दिन है : सुरेंद्र सिंह



### युवाओं को दैनिक शाखा और नैमित्तिक कार्यों से जुड़ने का आह्वान

### सह प्रांत प्रचारक ने गिनाए पौराणिक आधार और राष्ट्रीय संदर्भ

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

**वर्ष** प्रतिपदा उत्सव के अवसर पर सह प्रांत प्रचारक मध्य भारत सुरेंद्र सिंह ने अपने बौद्धिक में सनातन परंपरा, इतिहास और वर्तमान राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को जोड़ते हुए विस्तार से विषय रखा। उन्होंने बताया कि वर्ष प्रतिपदा भारत में प्रचलित सभी संवतों का प्रथम दिन है और पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की। इसी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ, युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ तथा उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को परास्त कर विक्रम संवत का आरंभ किया।

उन्होंने कहा कि इसी दिन से मां दुर्गा की उपासना के लिए चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होती है। सिखों के द्वितीय गुरु गुरु अंगद देव का जन्म दिवस, सिंध प्रांत के संत झूलेलाल जी की जयंती, स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना तथा शालिवाहन शक संवत का प्रारंभ भी इसी दिन से जुड़ा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक परम पूज्य डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिन भी वर्ष प्रतिपदा पर ही आता है।

सुरेंद्र सिंह ने डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन परिचय को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करते हुए उनके राष्ट्रवादी दृष्टिकोण, संगठन निर्माण की क्षमता और विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व की प्रेरणादायक झलक दी। उन्होंने अंग्रेजी नव वर्ष और हिंदू नव वर्ष के अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि भारतीय नव वर्ष प्रकृति, ऋतु परिवर्तन और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा है, जबकि अंग्रेजी नव वर्ष मात्र कालगणना का परिवर्तन है।

उन्होंने उत्सव मनाने की विधियों का उल्लेख करते हुए सभी पंचांगों, हिंदू महीनों, ऋतुओं और दसों दिशाओं के नामों की जानकारी दी।

# नवजात कन्याओं को बांटे चांदी के लॉकेट

## साहू समाज प्रतिवर्ष कन्याओं को जन्म देने वाली माताओं का करेगा सम्मान

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



**अखिल** भारतीय साहू वैश्य महासभा दिल्ली एवं युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में मुलताई के सरकारी अस्पताल में भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों प्रहलाद साहू, महेश नायक, गोपाल साहू, विनोद फूलवार,अनिल साहू ने भक्त शिरोमणि मां कर्मा के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अतिथियों ने मुलताई अस्पताल में नवरात्र की पूर्व संध्या पर जन्म लेने वाली सभी कन्याओं की माताओं का मां कर्मा की जय के साथ फूलों की वर्षा कर सम्मान किया। समाज के लोगों ने नवजात 6 कन्याओं का पूजन कर नन्ही बालिकाओं को अंग वस्त्र उढ़ाकर नगद राशि प्रदान कर चांदी के लॉकेट, आभूषण एवं चांदी के सिक्के उपहार के रूप में भेंट किए एवं नन्ही बालिकाओं की माताओं को मिठाई खिलाकर कन्या के जन्म लेने की बधाई दी। इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद साहू ने कहा कि संगठन के द्वारा प्रतिवर्ष कन्याओं को जन्म देने वाली माताओं को साहू समाज के राष्ट्रीय गौरव दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। एक कन्या दो कुलों को संवारने का कार्य करती है। राष्ट्रीय प्रचार मंत्री महेश नायक ने कहा कि समाज में लगातार कन्याओं की कमी के कारण विवाह संबंध में अनेक परेशानियां आ रही है इसलिए साहू समाज द्वारा प्रतिवर्ष अब कन्याओं को जन्म देने वाली बालिकाओं की सम्मानित किया जाएगा। युवा साहू समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि विगत 4 वर्षो से लगातार इस प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में ललित साहू, अनिलसाहू, दिगंबर साहू, धनाराम साहू, अजय साहू, सुखदेव साहू, हेमराज बनकर सहित अस्पताल स्टाफ उपस्थितथा।

# लक्ष्य यादव को एयर गेट में 166वीं रैंक

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



**जिला** अधिवक्ता संघ बैतूल के वरिष्ठ सदस्य स्व.जगदीश यादव के भतीजे एवं अधिवक्ता हेमंत यादव के सुपुत्र लक्ष्य यादव ने एयर गेट परीक्षा में 166वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। लक्ष्य की इस उपलब्धि से अधिवक्ता परिवार सहित पूरे अधिवक्ता संघ में खुशी का माहौल है।

इस सफलता पर अधिवक्ता अजय सिंह चौहान महेश रावत, गिरीश गर्ग, टीटू पांडे, अवध हजारे, बलराम बलराम कुंभारे, वंदना कुम्भारे, शैलेंद्र कुंभारे, अजय सिंह चौहान और प्रशांत गर्ग, नितिन मिश्रा, सुनील अग्रवाल, प्रशांत मांडवीकर, पप्पी शुक्ला सहित सभी अधिवक्ताओं ने लक्ष्य यादव को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अधिवक्ताओं ने कहा कि लक्ष्य यादव की यह उपलब्धि पूरे बैतूल जिले के लिए गर्व की बात है। यह सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# बैतूल में कीटनाशक से बुजुर्ग किसान की मौत

## बोतल का ढक्कन मुंह से खोलते समय जहरीला पदार्थ शरीर में गया

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

**बैतूल** जिले के सारणी थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया में कीटनाशक के संपर्क में आने से 81 वर्षीय बुजुर्ग किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना खेत में काम करते समय हुई।

जानकारी के अनुसार, सलैया निवासी बाबूलाल यादव (81) 16 मार्च की शाम लगभग 4 बजे अपने खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कीटनाशक की बोतल का ढक्कन मुंह से खोलने का प्रयास किया। इस प्रक्रिया में जहरीला पदार्थ उनके शरीर में चला गया, जिसके कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। घटना के तत्काल बाद परिजन उन्हें घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने बाबूलाल यादव को आईसीयू में भर्ती किया, लेकिन गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

परिजनों ने बताया कि बाबूलाल यादव के परिवार में चार संतानें हैं, जिनमें तीन बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। वे वर्ष 2000 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) से सेवानिवृत्त हुए थे और उसके बाद से खेती का काम कर रहे थे।

# गरीब वर्ग के लिए परेशानी बन रही बैंकिंग व्यवस्था : गोलू सोनी

### बैंकों खातों पर लगाए जा रहे विभिन्न शुल्कों और नियमों को लेकर नाराजगी

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

**कांग्रेस** सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष गोलू सोनी ने बैंकों द्वारा खातों पर लगाए जा रहे विभिन्न शुल्कों और नियमों को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि चाहे बैंक निजी हों या सरकारी, कई बार खातों में लेन-देन नहीं होने पर उपभोक्ताओं के खातों से बिना स्पष्ट कारण के राशि काट ली जाती है। बैंक मेंटेनेंस चार्ज या अन्य सर्विस चार्ज के नाम पर पैसे काट लेते हैं, जिससे आम खाताधारक को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि गरीब व्यक्ति बड़ी मुश्किल से अपने खाते में पैसा जमा करता है और जरूरत के समय जब वह राशि निकालने जाता है, तो खाते में अपेक्षित रकम नहीं मिलती। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कई बार 5 हजार रुपये निकालने पर खाते में केवल एक हजार रुपये ही शेष मिलते हैं।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला ईकाई बैतूल ने दिवंगत सुरभि खंडेलवाल को दी श्रद्धांजलि

# दिवंगत को श्रद्धांजली देते पहुंचा पत्रकार संघ

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



**बुधवार** 18 मार्च को बैतूल में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ बैतूल जिला इकाई की बैठक द हिलटाप रेस्टोरेट सभागृह मे संपन्न हुई।

बैठक में मौजूद समस्त पत्रकारों ने जिला कार्यकारिणी की बैठक मे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की दिवंगत सुपुत्री सुरभि खण्डेलवाल के आकास्मिक निधन पर उनके छाया चित्र पर पुष्पाजंली अर्पित कर दो मीनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजली अर्पित की एव उसके पश्चात सभी पत्रकार विजय सेवा न्यास न्यू बैतूल ग्राउण्ड कोठी बाजार मे आयाजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष अध्यक्ष रंजीत सिंह ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में सभी पत्रकार गण परिवार के साथ खड़ा है ईश्वर से प्रार्थना है कि शोकाकूल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे! इस अवसर पर वरिष्ट पत्रकार नवनीत गर्ग इरशाद हिन्दूस्तानी नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ बैतूल जिला इकाई के अध्यक्ष रंजीत सिह, महासचिव गुणवन्त बबलू चड्डा वरिष्ट पत्रकार अब्दूल रहमान, शैलेन्द्र ठाकुर समेत श्रमजीवी पत्रकार संघ के पत्रकारों ने शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस दौरान मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ बैतूल जिला इकाई के पत्रकार जिला अध्यक्ष रंजीत सिह, वरिष्ठ पत्रकार अब्दूल रहमान, महासचिव गुणवन्त बबलू चड्डा, शैलेन्द्र ठाकुर , उपाध्यक्ष कालीदास चौरासे , राजू पँवार,विलास चौधरी, चिन्टू खन्ना, सुरजीत सिह ठाकूर, सचिन शुक्ला, छविनाथ भारद्धाज,विजय सिह तोमर, कमलेश जावलकर, जिला सचिव प्रवीण अग्रवाल, भीम बहादूर थापा, संदीप झपाटे, विजय गायकवाड़, आशीष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, दिनेश यादव, विलास खातरकर, अंकीत यादव, जितेन्द्र शर्मा, संजीव सोनी, संतोष जावलकर, लकी रघुवशी , मिन्टू राय आदि उपस्थित रहे।

# विभिन्न सार्वजनिक जलस्रोतों की जनभागीदारी से होगी सफाई

सारणी | संवाददाता
rashtrabaan.in



**जल** गंगा संवर्धन अभियान के तीसरा चरण गुरूवार 19 मार्च को गुढ़ीपड़वा के शुभअवसर से प्रारंभ हुआ। नगर पालिका क्षेत्र में भी जनप्रतिनिधियों ने विधिवत शुभारंभ के बाद श्रमदान कर कुएं की सफाई की.मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल एवं कलेक्टर बैतूल के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया। गुरूवार को वार्ड 10 छोटा मठारदेव से उक्त अभियान का शुभारंभ हुआ। अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद भीम बहादुर थापा, प्रवीण सोनी, शिवकली बबलू नरें, गोलू राजपूत, उपयंत्री रविंद्र वराठे की उपस्थिति में अभियान प्रारंभ हुआ। वार्ड स्थित सार्वजनिक कुएं की सफाई की गई। पानी में पड़ी पत्तियां, कचरा निकालकर घास की सफाई की गई। छोटा मठारदेव स्थित कुएं के आस-पास की घास, खरपतवार हटाई गई। अभियान के तहत नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में स्थित सार्वजनिक कुओं, जलस्रोतों की सफाई की जाएगी। इस अवसर पर गुरूस्वामि एरूलू विनय मदने, मुकेश नागले, राजकुमार नागले, राहुल कापसे, विश्वजीत सिंदूर, सौरभ सिंदूर आदि शामिल हुए।

राष्ट्रबाण
सिवनी, शुक्रवार 20 मार्च 2026

# बालाघाट राष्ट्रबाण

• बैहर • बिरसा • कटंगी • तिरोड़ी • कटंगी • खैरलांजी • किरनापुर • लालबर्रा • लांजी • परसवाड़ा • वारासिवनी

# बालाघाट में शासकीय भूमि पर प्रतिमा स्थापित करने पर विवाद

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जुटे ग्रामीण; तनाव के बाद मौके पर पुलिस बल तैनात

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in





बालाघाट के औद्योगिक क्षेत्र गर्रा के मुख्य चौक पर चैत्र नवरात्र के दौरान शासकीय भूमि पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर गुरुवार को विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। निर्माणाधीन शासकीय भवन में बिना अनुमति प्रतिमा रखे जाने की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गईं।

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू, बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीण

शासकीय भूमि पर प्रतिमा स्थापित होने के बाद वहां धार्मिक अनुष्ठान और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इसी भूमि पर मंदिर निर्माण के प्रयासों को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं। गुरुवार सुबह पूजा-पाठ शुरू होने पर ही प्रशासन को इस स्थापना की जानकारी मिली।

### जिम्मेदारी लेने कोई नहीं आया सामने

विवाद बढ़ने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों से चर्चा की, लेकिन अभी तक किसी भी व्यक्ति या समूह ने प्रतिमा स्थापित करने की जिम्मेदारी नहीं ली है। पक्ष और विपक्ष के आमने-सामने आने से स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। हालांकि, प्रशासन शासकीय भूमि पर हुए इस अतिक्रमण को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए है।

### पुलिस लगातार कर रही गश्त

फिलहाल गर्रा चौक पर तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों को समझाने और मामले का वैधानिक हल निकालने का प्रयास कर रहे हैं। गांव में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस लगातार गश्त कर रही है।

# दो नाबालिगों की करंट लगने से मौत

## खेत मालिक ने जंगली जानवर मारने बिछाया था तार, एक को बचाने में दूसरे ने जान गंवाई

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in




बालाघाट जिले के किरनापुर थाना क्षेत्र के रजेगांव चौकी अंतर्गत बोडुंदकला गांव में गुरुवार को करंट लगने से दो नाबालिगों की मौत हो गई। दोनों दोस्त खेत में एक तोते की तलाश में गए थे, जहां उन्हें प्यास लगी और वे पानी के पंप की ओर जा रहे थे।

यह घटना सुबह 10 से 11 बजे के बीच हुई। खेत मालिक ने जंगली जानवरों को मारने के लिए खेत में बिजली का तार बिछाया था। इसी तार की चपेट में आने से दोनों किशोरों की जान चली गई।

### एक को बचाने में दूसरे जान गंवाई

मृतकों की पहचान बोडुंदकला निवासी स्नेहल पटले (16) और उज्ज्वल शरणागत (15) के रूप में हुई है। वे अपने दो अन्य साथियों के साथ तोते की तलाश कर रहे थे। प्यास लगने पर वे किसान टेकचंद विठोले के खेत में पानी पंप की ओर गए। स्नेहल पहले जीआर तार की चपेट में आया और गिर पड़ा। उसे बचाने दौड़ा उज्ज्वल भी करंट की चपेट में आ गया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रजगांव चौकी से एसआई ग्लेडवीन क्षत्रिय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए किरनापुर अस्पताल भिजवाया।पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### शिकायत मिली तो खेत मालिक पर करेंगे कार्रवाई

रजेगांव चौकी प्रभारी कौशल सूर्या ने बताया कि जांच के बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शिकायत पर इस मामले में खेत मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर सकते हैं।

# बालाघाट के हट्टा में 100 जोड़ों का सामूहिक विवाह

## सीएम कन्यादान योजना में हिंदू, आदिवासी और बौद्ध रीति-रिवाज से शादी; डीजे पर नाचे बाराती

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in






बालाघाट के हट्टा में गुरुवार को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह हुआ। इस आयोजन में विभिन्न समाज के कुल 100 जोड़े एक ही मंडप के नीचे परिणय सूत्र में बंधे। चैत्र नवरात्र के अवसर पर हुए इस कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों ने वरमाला पहनाकर साथ रहने का संकल्प लिया।

### हाईस्कूल मैदान तक निकली बारात

समारोह का शुभारंभ ग्राम पंचायत भवन से हुआ, जहां से सभी दूल्हों की बारात डीजे की धुन पर निकाली गई। कतारबद्ध दूल्हे पैदल चलकर हाईस्कूल मैदान स्थित विवाह मंडप तक पहुंचे। इस दौरान बारातियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। विवाह के पश्चात सभी अतिथियों और बारातियों का मुंह जलेबी खिलाकर मीठा कराया गया।

**सर्वधर्म समभाव: तीन पद्धतियों से पूर्ण हुई विवाह रस्में**

सरपंच उमेश सोनेकर ने बताया कि योजना के अंतर्गत 85 हिंदू, 10 आदिवासी और 5 बौद्ध समाज के जोड़ों का विवाह उनके सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया। शासन की ओर से सभी पात्र जोड़ों को निर्धारित विवाह सहायता राशि प्रदान की जाएगी। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

### यह रहे उपस्थित

इस गरिमामयी समारोह में विधायक मधु भगत, पूर्व विधायक रामकिशोर कावरे और जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, जनपद अध्यक्ष फूलचंद सहारे और अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने सफल वैवाहिक जीवन के लिए जोड़ों को शुभकामनाएं दीं।

# चैत्र नवरात्र शुरू, मंदिरों में ज्योत हुई प्रज्वलित

## बालाघाट के देवी मंदिरों में नौ दिन होंगे अनुष्ठान, सुख-समृद्धि की होगी कामना

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in



चैत्र नवरात्र की शुरुआत चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से हो गई है। इस अवसर पर मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और सुख-शांति व समृद्धि की कामना की।

नगर के दुर्गा मंदिर में दोपहर 1 बजे मनोकामना कलश का विधि-विधान से पूजन कर ज्योत प्रज्वलन किया गया। हनुमान मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वास्तिक आकार में रखे गए कलशों का भक्तों ने पूजन किया, जिसके बाद बारी-बारी से ज्योत प्रज्वलित किए गए। बालाघाट नगर के हनुमान चौक स्थित दुर्गा मंदिर में 321 और कालीपाठ मंदिर में 900 से अधिक ज्योत प्रज्वलित किए गए हैं। इन प्रज्वलित कलशों के साथ अगले नौ दिनों तक आदिशक्ति की आराधना और उपासना की जाएगी।

नगर के हनुमान चौक स्थित दुर्गा मंदिर, कालीपाठ माता मंदिर, मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भी चैत्र नवरात्र पर कलश स्थापित किए गए हैं। इन नौ दिनों में मातारानी के नौ स्वरूपों की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।

आदिशक्ति देवी की उपासना और आराधना के इस महापर्व चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व है। चैत्र प्रतिपदा से ही हिंदू नववर्ष का आरंभ होता है और इसी दिन से नए विक्रम संवत् की शुरुआत भी होती है।

अगले नौ दिनों तक नगर के विभिन्न मंदिरों में दीपों से महाआरती सहित कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अष्टमी और नवमी को नवरात्र समापन पर हवन, पूजन, यज्ञ और कन्या भोज का आयोजन होगा। रामनवमी पर चैत्र नवरात्र के समापन के साथ ही मनोकामना ज्योति कलशों को सरोवर के पवित्र जल में विसर्जित किया जाएगा।

# बकाया राशि न चुकाने पर तीन दुकानें सील, मौके पर 2.90 लाख की वसूली

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in



बालाघाट में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार राजस्व वसूली अभियान के तहत सख्त कार्रवाई की गई। आज दिनांक 19 मार्च 2026 को तहसीलदार बालाघाट श्री सुनील वर्मा के नेतृत्व में नजूल आरआई, हल्का पटवारी एवं राजस्व अमले द्वारा बकायादारों के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान सरेखा निवासी मनोज पिता रेवाशंकर द्वारा नजूल नवीनीकरण की बकाया राशि जमा नहीं करने पर उसकी तीन दुकानों को सील कर दिया गया। प्रशासन द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किए जाने के बावजूद राशि जमा नहीं की गई थी, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त डायवर्सन एवं नजूल मद की बकाया राशि नहीं चुकाने वाले अन्य बकायादारों के विरुद्ध भी कुर्की की कार्रवाई की गई। राजस्व अमला जब मौके पर पहुंचा, तो बकायादारों ने तत्काल 2.90 लाख रुपये की राशि जमा कर दी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकाया राशि नहीं चुकाने वाले सभी बकायादारों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# भेंडारा में 'जल गंगा संवर्धन अभियान 2026' का शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान



बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

जनपद पंचायत खैरलांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत भेंडारा में गुरुवार 19 मार्च 2026 को जनपद स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से ÷जल गंगा संवर्धन अभियान 2026÷ का शुभारंभ किया गया। यह अभियान मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशन तथा कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम में वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री विवेक विक्की पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधु शुक्ला, जनपद पंचायत खैरलांजी के उपाध्यक्ष श्री दुर्गा लिल्हारे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वृंदावन मीणा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, सरपंच-सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अभियान के शुभारंभ अवसर पर ग्राम के कुम्हारिया तालाब में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए साफ-सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वृंदावन मीणा ने अभियान की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। मंचीय कार्यक्रम में विधायक श्री विवेक विक्की पटेल एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधु शुक्ला ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जल के समुचित उपयोग, तालाबों एवं बावड़ियों के संरक्षण और नियमित रखरखाव के लिए सभी से सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने बताया कि यह अभियान 19 मार्च से 30 जून 2026 तक संचालित होगा, जिसके अंतर्गत जनजागरूकता, नवीन जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण, भूजल संवर्धन, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं मरम्मत, जल गुणवत्ता परीक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा जल आपूर्ति व्यवस्थाओं में सुधार जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। साथ ही मानसून को ध्यान में रखते हुए पौधारोपण की तैयारियां भी सुनिश्चित की जाएंगी। कार्यक्रम के अंत में विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्राम चौक में प्याऊ का शुभारंभ किया गया। ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ को समाज और शासन की सहभागिता से जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## बामननाला तालाब से हुई शुरुआत

# कटंगी में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in



कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले के नगरीय क्षेत्रों में जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 19 मार्च से÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ का क्रियान्वयन प्रारंभ हो चुका है।

इसी क्रम में नगर परिषद कटंगी क्षेत्र में अभियान का शुभारंभ गुरुवार को वार्ड क्रमांक 02 नट्टीटोला में स्थित बामननाला तालाब के जीर्णोद्धार एवं सफाई कार्य के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी अध्यक्ष श्रीमती धर्मकला/कामराज देशमुख, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री राधेश्याम चौधरी, श्री गायत्री योगराज ठाकरे, पार्षद श्रीमती सुनीता/दिमागचंद टेम्भरे सहित जनप्रतिनिधि, नागरिकगण एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र में नवीन जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण, पुराने जल स्त्रोतों की सफाई, मरम्मत एवं नवीनीकरण, भूजल संवर्धन, जल गुणवत्ता परीक्षण तथा जल स्त्रोतों में प्रदूषण कम करने जैसे कार्य किए जाएंगे। साथ ही आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी।

जल गंगा संवर्धन के नोडल अधिकारी श्री राजेश चौकसे ने बताया कि नगर परिषद द्वारा विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत पाइप लाइन लीकेज सुधार, टूटे नलों का परिवर्तन, हैंडपंप एवं कुओं की सफाई, तालाबों का गहरीकरण, जल संरचनाओं का पुनर्जीवन एवं संरक्षण तथा हरित क्षेत्र का विकास किया जाएगा। इसके अलावा निर्मित एवं निर्माणाधीन भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित कराने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान इन सभी कार्यों को 30 जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, शुक्रवार 20 मार्च 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

## नगर पालिका का डंफर बना 'फर्जी नंबर प्लेट' का खेल

# हादसे के बाद भी जिम्मेदारों की बेपरवाही

### फर्जी नंबर प्लेट मामला : अध्यक्ष ज्ञानचंद बोले यह मजेदार वाक्या !

नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही और कथित फर्जीवाड़े का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सरकारी डंफर पर दोपहिया वाहन का नंबर डालकर सड़कों पर दौड़ाया जा रहा था। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर अनियमितता पर कार्रवाई करने के बजाय अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने इसे 'मजेदार' करार दे दिया। इस गैरजिम्मेदाराना बयान ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है, खासकर तब जब इस डंफर से जुड़ा एक सड़क हादसा भी सामने आया है।




### कानून के जानकार बोले यह धोखाधड़ी का मामला

कानून के जानकारों का कहना है कि किसी भी वाहन पर गलत नंबर प्लेट लगाकर उसे चलाना सीधा-सीधा धोखाधड़ी और आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में संबंधित वाहन मालिक, चालक और जिम्मेदार अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए। चूंकि वाहन नगर पालिका प्रशासन का है तो यह मामला नगर पालिका के जिम्मेदार अफसरों को कानून के कठघरे में खड़ा करता है। इसके अलावा, यह भी जांच का विषय है कि इस डंफर का बीमा, पंजीकरण और अन्य दस्तावेज वैध थे या नहीं।


ज्ञानचंद सनोडिया, अध्यक्ष नपा सिवनी : कमीशन खबइया का गैरजिम्मेदार रवैया?


विशाल सिंह मर्सकोले, सीएमओ : साहब मौन, कार्रवाई करेगा कौन ?

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**नगर** पालिका प्रशासन एक बार फिर सवालों के घेरे में है। इस बार मामला केवल लापरवाही का नहीं, बल्कि संभावित धोखाधड़ी और कानून की खुलेआम अवहेलना का है। नगर पालिका के एक डंफर में दोपहिया वाहन का नंबर दर्ज कर उसे सड़कों पर चलाया जा रहा था। यह न केवल मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है, बल्कि एक गंभीर आपराधिक कृत्य भी माना जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, यह डंफर कुछ समय से इसी फर्जी नंबर प्लेट के साथ सड़कों पर दौड़ रहा था। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस दौरान न तो विभागीय अधिकारियों ने कोई संज्ञान लिया और न ही किसी प्रकार की जांच की गई। सवाल यह उठता है कि क्या यह सब अधिकारियों की जानकारी में हो रहा था या फिर जानबूझकर आंखें मूंदी गई थीं। मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब इसी डंफर से एक दोपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना गंभीर था कि चालक की जान बाल-बाल बची। हालांकि, इस दुर्घटना की कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है, जिससे मामले पर और भी संदेह गहराता है। यदि शिकायत दर्ज होती, तो संभवतः यह फर्जीवाड़ा पहले ही उजागर हो जाता।

### अध्यक्ष के लिए यह मजेदार बात

लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चौंकाने वाली बात नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया का बयान है। उन्होंने इस गंभीर मामले को हल्के में लेते हुए इसे 'बड़े मजे की बात' बताया। एक संवैधानिक पद पर बैठे जनप्रतिनिधि का यह रवैया न केवल गैरजिम्मेदाराना है, बल्कि यह प्रशासनिक संवेदनशीलता पर भी सवाल खड़े करता है। वहीं, नगर पालिका के अन्य जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। न तो किसी प्रकार की जांच के आदेश दिए गए हैं और न ही दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है। यह मौन कहीं न कहीं इस आशंका को जन्म देता है कि मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

अब ऐसे सवाल यह उठता है की जब खुद सरकारी विभाग ही नियमों का उल्लंघन करेगा, तो आम जनता से कानून पालन की उम्मीद कैसे की जा सकती है। लोगों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले को अब भी 'मजाक' मानता है या फिर कानून के दायरे में लाकर दोषियों पर कार्रवाई करता है।

# आबकारी पर 'मासिक वसूली' का साया!

## ओवररेट शराब बिक्री पर भी खामोश अधिकारी

जिले में आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। आरोप है कि आबकारी अधिकारी विनोद खटीक शिवहरे ग्रुप पर मेहरबान हैं, और यह मेहरबानी कथित तौर पर हर महीने तीन लाख रुपये की अघोषित वसूली से जुड़ी बताई जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बिक्री के प्रमाण सामने आने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे पूरे सिस्टम की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।


सृष्टि शिवहरे, शराब ठेकेदार : सैय्या कोतवाल है डर कहे का।


राहुल शिवहरे, भाजपा नेता : सत्ता हमारी ऊँगली में नाचते अफसर !


विनोद खटीक, जिला आबकारी अधिकारी : शिवहरे ग्रुप का पालतू अफसर !

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**जिले** में शराब कारोबार और आबकारी विभाग के बीच कथित सांठगांठ की चर्चाएं कोई नई नहीं हैं। यह आरोप पहले से लगते आ रहे है कि आबकारी अधिकारी विनोद खटीक शिवहरे ग्रुप के ठेकों पर विशेष कृपा बनाए हुए हैं। सूत्रों का दावा है कि यह कृपा यूं ही नहीं है, बल्कि इसके पीछे हर महीने करीब तीन लाख रुपये की अघोषित वसूली का खेल चल रहा है।

मामला तब और गंभीर हो गया जब सृष्टि शिवहरे के शराब ठेके पर एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचने के पुख्ता प्रमाण सामने आए। स्थानीय लोगों और ग्राहकों ने आरोप लगाया कि खुलेआम निर्धारित मूल्य से ज्यादा वसूली की जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। मूल्य से अधिक रेट पर शराब बिक्री एक तरह की लूट है जिसे आबकारी अधिकारी विनोद खटीक की छूट मानी जा रही है। शायद यही संरक्षण के चलते आबकारी विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की नहीं की जा रही है।

जानकारों का कहना है कि एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बेचना स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है और इस पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। ऐसे मामलों में लाइसेंस निलंबन से लेकर जुर्माना और आपराधिक प्रकरण तक दर्ज किए जा सकते हैं। लेकिन यहां हालात इसके उलट नजर आ रहे हैं, जहां सबूत होने के बाद भी अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे मामले में सृष्टि शिवहरे के पति, जो सत्तारूढ़ दल से जुड़ा हुआ हैं। सूत्र बताते है की राहुल शिवहरे खुलेआम सीना ठोक कर कहता है कि 'जब महीने की वसूली दी जा रही है तो कार्रवाई कैसी?' यह बात न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि किस तरह नियमों को खुलेआम चुनौती दी जा रही है।

### बढ़ रही नाराजगी

स्थानीय नागरिकों में इस मामले को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि सरकारी अधिकारी ही इस तरह की अनियमितताओं पर आंख मूंद लेंगे, तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा। वहीं, आबकारी विभाग के उच्च अधिकारियों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यह चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है, क्या वाकई विभाग के भीतर सब कुछ ठीक है या फिर मामला दबाने की कोशिश की जा रही है?

### सिस्टम में भ्रष्टाचार

यह मामला केवल ओवररेट शराब बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे सिस्टम में व्याप्त संभावित भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। यदि इस मामले पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे न केवल शासन की छवि प्रभावित होगी, बल्कि कानून व्यवस्था पर भी असर पड़ेगा। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या प्रशासन इन गंभीर आरोपों की जांच करेगा या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उत्साह के साथ मनाया हिन्दू नववर्ष

## सामूहिक विवाह में नव-दम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद



राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**विधानसभा** सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने गुरुवार को हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2083 और चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की। विधायक ने इस विशेष अवसर पर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति और उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की।

### विशाल रैली और महाआरती में हुए शामिल

सकल हिन्दू समाज द्वारा बड़ा मिशन स्कूल मैदान से एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। विधायक दिनेश राय ने इस रैली में श्रद्धापूर्वक भाग लिया। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना की और महाआरती में सम्मिलित होकर प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

साथ ही धार्मिक कार्यक्रमों के पश्चात विधायक द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। उन्होंने विवाह मंडप में जाकर नव-विवाहित जोड़ों से व्यक्तिगत भेंट की। सभी नव-दम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। शासन की योजनाओं के माध्यम से सामाजिक समरसता के संदेश को रेखांकित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# करोड़ों का महल, सुशासन का ख्वाब और नेताओं के लंबे-चौड़े वादे!

राष्ट्रबाण लखनादौन| संवाददाता rashtrabaan.in

**जहाँ** जनता टूटी सड़कों और पानी की किल्लत से जूझ रही है, वहीं सरकार ने साढ़े पांच करोड़ के अटल सुशासन भवन की नींव रखकर यह जता दिया है कि आम आदमी की समस्याओं से पहले साहबों के बैठने के लिए एसी रूम जरूरी हैं।

**5.25 करोड़ का प्रशासनिक ठाठ**

पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने ग्राम सिकारा में पूरे ताम-झाम के साथ इस नए जनपद भवन का भूमिपूजन किया। दावा है कि इस आलीशान बिल्डिंग में मीटिंग हॉल से लेकर वीसी रूम तक सब हाई-टेक होगा। मंत्री जी का तर्क है कि जब तक अफसरों और नेताओं के पास बैठने की शानदार व्यवस्था नहीं होगी, तब तक कार्यों में पारदर्शिता नहीं आएगी। अब सवाल यह है कि क्या फाइलों की सुस्ती दीवारों के रंग बदलने से दूर हो जाएगी?



### भाषणों की बौछार

जल ही जीवन है और जनता ही सब कुछ है मंत्री जी ने जलगंगा संवर्धन का राग छेड़ते हुए जनता को सलाह दी कि वे जल स्रोतों को बचाएं। उन्होंने पास के एक नाले को सरोवर में बदलने का हसीन सपना भी दिखाया। वहीं, सांसद कुलस्ते ने हमेशा की तरह गेंद जनता के पाले में डालते हुए कह दिया कि योजनाओं की सफलता के लिए जनता की भागीदारी जरूरी है। यानी, बजट सरकार खपाएगी और जिम्मेदारी जनता उठाएगी!

### क्या सुधरेगी पंचायत की दशा?

विशिष्ट अतिथियों की लंबी फौज और भारी-भरकम बजट के बीच जनता बस यह उम्मीद लगाए बैठी है कि क्या इस 5 करोड़ के भवन के बाद जनपद के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी? क्या उन्नत रिकॉर्ड रूम बनने से भ्रष्टाचार की फाइलें गायब होना बंद होंगी? क्या कागजों पर दिखने वाली पारदर्शिता हकीकत में गरीब के दरवाजे तक पहुँचेगी?

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में 100 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**प्रदेश** सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत गुरुवार को सिवनी जिला मुख्यालय के मिशन ग्राउंड में एक भव्य और गरिमामय सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। इस आयोजन में सिवनी विकासखण्ड के 100 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ एक-दूसरे का हाथ थामकर नव-जीवन की शुरुआत की।

वही आयोजन का मुख्य आकर्षण शहर में निकाली गई भव्य बारात रही। गाजे-बाजे और ढोल-धमाकों के साथ जब बारात मिशन ग्राउंड पहुंची, तो पूरा माहौल उत्सवमय हो गया। बारात में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों और आम जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और थिरकते हुए खुशियां मनाई।

# हिनोतिया में पानी चौपाल का आयोजन

## जल संरक्षण और सूक्ष्म सिंचाई से बढ़ेगा किसानों का मुनाफा



राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**दिनांक** 19 मार्च को जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ के अवसर पर आज जिले के विकासखंड सिवनी की ग्राम पंचायत हिनोतिया (रन.) में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा पानी चौपाल का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशन एवं जिला उद्यानिकी अधिकारी डॉ. आशा उपवंशी-वासेवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरपंच शिव कुमारी सनोडिया ने ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व समझाया और उन्हें उद्यानिकी फसलें अपनाने के लिए प्रेरित किया। उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी संतोष बघेल ने पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना पर प्रकाश डालते हुए किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर और पोर्टेबल स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी की भारी बचत की जा सकती है इन तकनीकों से न केवल पानी का सदुपयोग होता है, बल्कि सब्जियों के उत्पादन में वृद्धि होती है, जिससे किसानों का मुनाफा बढ़ता है।

ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी शीला इनवाती एवं शिल्पा इंदोरकर ने किसानों को अपनी कुल कृषि भूमि के कम से कम 10 प्रतिशत हिस्से में उद्यानिकी फसलें लगाने का सुझाव दिया। अधिकारियों ने विभाग की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी साझा की और बताया कि किसान किस प्रकार विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

# भीषण गर्मी में जल संकट से निपटने की तैयारी

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**नगर** में सुचारू जलप्रदाय सुनिश्चित करने के लिए आज जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अमले ने मुस्तैदी दिखाई। पार्षदगणों और विभागीय अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने भीमगढ़ बांध पहुंचकर जल भराव की वास्तविक स्थिति (वस्तुस्थिति) का जायजा लिया।

मौके पर समीक्षा कर टीम ने बांध के जल स्तर का अवलोकन किया ताकि आने वाले दिनों में जल आपूर्ति की योजना बनाई जा सके।

भीषण गर्मी के मद्देनजर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पानी की बर्बादी को हर हाल में रोका जाए। साथ ही शहर के हर वार्ड में पर्याप्त और समय पर पानी पहुंचाने के लिए वितरण प्रणाली को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उपस्थित पार्षदों ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि बढ़ते तापमान के बीच किसी भी नागरिक को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े। अधिकारियों को पाइपलाइन लीकेज और अवैध कनेक्शनों पर भी कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है।




कप्यूटर वर्ल्ड
सेल्स एंड सर्विस
लैपटॉप, कम्प्यूटर, सी.सी.टी.वी कैमरा, होम थियेटर, प्रिंटर, लेमिनेशन, फोटो कॉपियर, नेटवर्किंग, प्रोजेक्टर, कॉर्टरेज रिफलिंग
संपूर्ण कम्प्यूटर ऐससरीज उपलब्ध
पुराने कम्प्यूटर व लैपटॉप उपलब्ध
संपर्क- बैनगंगा कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, सिवनी, मो.न.-9302833332




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433